Hari Bhoomi
New Delhi, 8 January 2013

गोल्फ देखने जाएंगे सचिन

नई दिल्ली। स्टार क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर गुजरात केन्सविले गोल्फ टूर्नामेंट में उसके ब्रांड एंबेसडर के तौर पर उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने आज यह जानकारी दी। हाल में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले तेंदुलकर केन्सविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब के ब्रांड एंबेसडर हैं। वह 30 जनवरी को टूर्नामेंट का साक्षी बनेंगे। इस यूरोपीय चैलेंज टूर के मेजबान और भारत के चोटी के गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने कहा कि तेंदुलकर की उपस्थिति से प्रतियोगिता को फायदा होगा।